प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

नववर्ष

नववर्ष के स्वागत को लेकर हिमाचल प्रदेश पूरी तरह से तैयार है। वाइट क्रिसमस के बाद अब मौसम खुल गया है और सुहावना बना हुआ है। ऐसे में प्रदेश में पर्यटक बड़ी संख्या में देव भूमि का रूख कर रहे हैं। पर्यटन नगरी मनाली और शिमला में पर्यटकों के स्वागत के लिए खासा इंतजाम किए गए हैं। अकेले राजधानी शिमला में बीते एक सप्ताह में 50 हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया है। शिमला में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां बेहतरीन तरीके से की है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आकाशवाणी से बात करते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से शिमला शहर को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है और विभिन्न अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

चन्द्र कुमार

हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार किसानों से अब तक 10 जिलों में गोबर की खरीद कर चुकी है। कृषि मंत्री चौधरी चन्द्र कुमार ने बताया कि अभी किसानों में इस योजना को लेकर अधिक रूझान नहीं है लेकिन भविष्य में उन्हें इस का बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2 रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीद की गारंटी दी थी जबकि सरकार तीन रुपए के हिसाब से खरीद रही है और 5 किलो से एक क्विटल के गोबर की बिक्री की जाएगी।

मौसम

आज प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दिन की शुरुआत खिली धूप से हुई है। प्रदेश में तापमान में कमी के चलते समूचा प्रदेश कड़ाके की ठण्ड की चपेट में है मौसम विभाग के अनुसार आज और कल अधिकांश इलाकों में शीतलहर चलने की सम्भावना बन रही है। बीते दिनों हुई बर्फ़बारी के बाद किन्नौर जिला में अभी भी 53 सम्पर्क सड़के यातायात के लिए बंद है और विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। प्रदेश के बर्फीले इलाकों में अभी भी सड़कों में फिसलन के चलते कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक दो जनवरी से पांच जनवरी तक प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में एक बार फिर बर्फबारी की उम्मीद है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से............

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने नववर्ष के स्वागत और बी.पी.एल.के मापदंडों में बदलाव की ख़बर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है—नववर्ष का स्वागत करने दो दिन में 45 हजार वाहन पहुंचे हिमाचल, सभी सड़कें बहाल, मौसम भी साफ। दैनिक जागरण का कहना है—नववर्ष के स्वागत के लिए उमड़े पर्यटक।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–हिमाचल में बीपीएल चयन के बदलेंगे मापदंड, आय सीमा बढ़ाने की तैयारी। दैनिक जागरण कि शब्द हैं–बीपीएल चयन के बदलेंगे नियम। पंजाब केसरी की सुर्खी है–10वीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं 4 मार्च से। दिव्य हिमाचल लिखता है–स्वास्थ्य क्षेत्र पर एक हजार 5 सौ 70 करोड़ खर्चेगी सरकार। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला

———————————